दिन– बुधवार दिनांक– 15 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि 05 मिनट

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी ने आज प्रदेश के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन ने पटना के बिहार लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। श्री चौधरी राज्य के चौबीसवें मुख्यमंत्री बन गए हैं। वे बिहार के मुख्यमंत्री बनने वाले भाजपा के पहले नेता भी हैं। इस अवसर पर, जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता और सराय रंजन से विधायक विजय कुमार चौधरी तथा सुपौल से विधायक बिजेंद्र प्रसाद यादव ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इन दोनों को उपमुख्यमंत्री का दर्जा दिया गया है।

———————————————————————————

समारोह में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री जे. पी. नड्डा, शिवराज सिंह चौहान, राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, चिराग पासवान, जीतन राम मांझी, राजभूषण चौधरी और राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा समेत एनडीए के विभिन्न घटक दलों के वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। सम्राट मंत्रिमंडल के अन्य मंत्रियों की घोषणा बाद में की जाएगी।

———————————————————————————

शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सचिवालय पहुंचकर अपना काम–काज संभाल लिया। उन्होंने अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक भी की। बाद में श्री चौधरी भाजपा प्रदेश मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया।

———————————————————————————

जदयू अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री कुमार ने आशा जताई कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार और तेजी से विकास करेगा तथा देश के सबसे अधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सम्राट चौधरी को बिहार में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री के रूप

में सफल कार्यकाल की शुभकानाएं दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए जिस संकल्प भावना के साथ बिहार की जनता की सेवा कर रहा था, उसे सम्राट चौधरी और आगे बढ़ायेंगे। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं है।

———————————————————————————

राजद के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने सम्राट चौधरी को बधाई देते हुए कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि नये मुख्यमंत्री बिहार की उन्नति, सुख–समृद्धि, शांति और सुरक्षा के लिए काम करेंगे।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में सम्राट चौधरी ने कहा कि वे पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों को निर्वहन करेंगे और बिहार की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। श्री चौधरी ने कहा कि बिहार में विकास का मोदी और नीतीश मॉडल लागू होगा। इधर, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि बिहार में नीतीश कुमार की नीतियों के अनुसार ही काम होगा। वहीं, उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि एनडीए के सभी घटक दल मिलकर बिहार के विकास के लिए काम करेंगे।

———————————————————————————

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन–डी.आर.डी.ओ की ओर से मोतीहारी स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में रक्षा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। यह प्रदर्शनी अठारह अप्रैल तक चलेगी। इसमें डी.आर.डी.ओ की अत्याधुनिक तकनीक और उन्नत प्रणाली वाले सैन्य उपकरण प्रदर्शित किये गए हैं। प्रदर्शनी में आकाश, ब्रह्मोस और पृथ्वी मिसाइल, कावेरी इंजन का रैपिड प्रोटोटाइप मॉडल तथा बैलिस्टिक हेलमेट समेत कई अन्य रक्षा उत्पादों के मॉडल लगाए गये हैं।

———————————————————————————

प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोलह अप्रैल से एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है। इसके प्रभाव से उत्तर–पूर्वी जिलों– अररिया, पूर्णिया, किशनगंज और कटिहार में सत्रह अप्रैल से कुछ

स्थानों पर बारिश की संभावना है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान उनतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ कैमूर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।